वेबसाइट हेतु

**संख्या-19/06/2025-स्थापना**
**भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद**
**वी. रामलिंग स्वामी भवन**
**अंसारी नगर, नई दिल्ली- 110029**

**दिनाँक: 22 मई, 2025**

**परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली में युवा पेशेवर के पद की भर्ती हेतु विज्ञापन**

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन है, जो अपने मुख्यालय, नई दिल्ली के लिए युवा पेशेवर के 12 पदों को भरने हेतु पात्र अभ्यार्थीयों से निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक-1) में ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित करता है, जिसका विवरण निम्नानुसार हैं-

| **क्रम संख्या** | **पद का नाम** | **पदों की संख्या** |
|---|---|---|
| 1. | युवा पेशेवर-।(प्रशासन) | 05 |
| 2. | युवा पेशेवर-।।(प्रशासन) | 06 |
| 3. | युवा पेशेवर-।।(आईटी) | 01 |

2. ऑनलाईन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख **30 जून 2025, सांय 5.30** बजे तक है।

3. चयनित उम्मीदवारों को परिषद मुख्यालय,नई दिल्ली में तैनात किया जाएगा।

4. **आयु:** आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख तक युवा पेशेवर-। के लिए अधिकतम आयु 35 वर्ष और युवा पेशेवर-।। के लिए अधिकतम आयु 40 वर्ष ।

5. **युवा पेशेवर-।(प्रशासन)**

**अनिवार्य अर्हकता:-** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय(कॉलेज) से 55% अंकों के साथ किसी भी विषय में स्नातक (संबंधित क्षेत्र/विषय में योग्यता अर्जित करने के पश्चात् न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव)।

**वांछनीय अर्हकता :-** आईटी अनुप्रयोगों, वर्चुअल बैठकों, प्लेटफॉर्म और कंप्यूटर दक्षता (एमएस वर्ड / एक्सेल / पावर प्वाइंट / टैली आदि) का ज्ञान।

6. **युवा पेशेवर-।।(प्रशासन):-**

**अनिवार्य अर्हकता :-** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/कॉलेज से 55% अंकों के साथ किसी भी विषय में स्नातक। अभ्यर्थी के पास प्रासंगिक क्षेत्र/विषय में न्यूनतम एक वर्ष का योग्यता-पश्चात अनुभव सहित होना चाहिए।

**वांछनीय अर्हकता :-** आईटी अनुप्रयोगों, वर्चुअल मीटिंग प्लेटफॉर्म और कंप्यूटर कौशल (एमएस वर्ड / एक्सेल / पावर प्वाइंट / टैली आदि) का ज्ञान।

7. **युवा पेशेवर-।।(आईटी) युवा पेशेवर-।।(डाटा विश्लेषक)**

**अनिवार्य अर्हकता :-**

कंप्यूटर अनुप्रयोग / सूचना प्रौद्योगिकी / कंप्यूटर विज्ञान / कृत्रिम बुद्धिमत्ता / ऑपरेटिंग सिस्टम / सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग / कंप्यूटर ग्राफिक्स में कम से कम 55 अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री और माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल / एक्सेस और एमआईएस डाटा प्रबंधन में दक्षता के साथ संबंधित क्षेत्र / विषयों में एक वर्ष का अनुभव।

6. **<u>पारिश्रमिक</u>**

युवा पेशेवरों-1 का समेकित पारिश्रमिक 30,000/- रुपये तथा युवा पेशेवरों-।।का समेकित पारिश्रमिक 42000/- रुपये प्रति माह होगा। युवा पेशेवरों को कोई मकान किराया भत्ता (एचआरए) नहीं दिया जाएगा।

7. **नियुक्ति की अवधि**

युवा पेशेवरों की नियुक्ति की प्रारंभिक अवधि शुरूआत में एक वर्ष के लिए होगी जिसे यदि आवश्यक हुआ तो, आईसीएमआर द्वारा संबंधित क्षेत्र में कार्य/सेवा की आवश्यकताओं को देखते हुए और अपर महानिदेशक/वरिष्ठ उप महानिदेशक/वरिष्ठ वित्त सलाहकार स्तर के अधिकारी द्वारा उनका मूल्यांकन करने के बाद उम्मीदवारों के संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर जिसे दो वर्षों के लिए (01 वर्ष में एक बार) बढ़ाया जा सकता है। आईसीएमआर में युवा पेशेवरों की नियुक्ति की अधिकतम अवधि किसी भी स्थिति में तीन वर्ष है।

8. युवा पेशेवरों (वाईपी) के आईसीएमआर दिशानिर्देशों के अनुसार आधिकारिक कार्य के लिए घरेलू दौरे के लिए टीए/डीए स्वीकार्य होगा।

9. कार्य का समय आईसीएमआर के नियमित कर्मचारियों के समान ही होगा। कार्यालय के पश्चात् काम करने पर कोई अतिरिक्त लाभ नहीं दिया जाएगा। बिना किसी वैध कारण के लगातार 08 दिनों तक अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने पर नियुक्ति स्वतः समाप्त हो जाएगी।

10. **छुट्टी का हकदार -** परिषद मुख्यालय में परिषद मुख्यालय में युवा पेशेवर भारत सरकार/आईसीएमआर के नियमों के अनुसार आनुपातिक आधार पर एक कैलेंडर वर्ष में 08 दिनों की छुट्टी और 02 प्रतिबंधित छुट्टियों के पात्र हैं। छुट्टियों के दौरान बीच में पड़ने वाले साप्ताहिक अवकाश, छुट्टियों या राजपत्रित अवकाशों को स्वीकार्य छुट्टियों में नहीं गिना जाएगा। अप्रयुक्त छुट्टियों को अगले कैलेंडर वर्ष में आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, युवा पेशेवरों को छुट्टियों पर सौंपी गई ड्यूटी के बदले प्रतिपूरक अवकाश की भी अनुमति दी जाएगी, लेकिन एक माह में 02 से अधिक छुट्टियां नहीं दी जाएगी। प्रतिपूरक अवकाश एक बार में अधिकतम 05 दिनों का ही संचित किया जा सकता है तथा युवा पेशेवरों को तीन माह के भीतर इसका लाभ लेने की अनुमति दी जाएगी।

महिला पेशेवरो को मातृत्व लाभ (संशोधित) अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के अनुसार महिला पेशेवर मातृत्व अवकाश की हकदार होंगी। हालांकि, पुरुष युवा पेशेवरो के लिए कोई पितृत्व अवकाश नहीं होगा।

11. **युवा पेशेवरों का कार्य-क्षेत्र**

**I. युवा पेशेवर-1 (प्रशासन) और युवा पेशेवर-।। (प्रशासन)**

कार्मिक/मानव संसाधन से संबंधित मामलों यथा भर्ती, पदोन्नति, स्थापना मामले, पद आधारित आरक्षण रोस्टर तैयार करना, वेतन निर्धारण, पेंशन संवितरण, सेवानिवृत्ति लाभ आदि का निपटारा करना।

भंडार और क्रय गतिविधियों यथा स्टॉक बुक तैयार करना, निविदा, GeM पोर्टल, संविदा प्रबंधन, स्क्रैप का निराकरण/निपटान आदि से संबंधित कार्य करना।

**युवा पेशेवर-।।(आईटी) युवा पेशेवर-।।(डाटा विश्लेषक)**

डाटा संग्रह और प्रबंधन डाटा विश्लेषण और रिपोर्टिंग प्रक्रिया स्वचालन, डाटा सत्यापन, प्रमुख निष्पादन सूचक (केपीआई) ट्रैकिंग, सुरक्षित, कुशल और अनुपालन डाटा संग्रह प्रणाली को

डिजाइन और कार्यान्वित करना, त्रुटियों की पहचान करते हुए, डाटा की गुणवत्ता और अखंडता सुनिश्चित करना, डाटा को क्लीन रखना, रिकॉर्ड प्रबंधन और रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं को विकसित करना, डाटा प्रणाली पर कुशलता से काम करना, डाटा का विश्लेषण और व्याख्या करना, डाटा डैशबोर्ड, ग्राफ और विज़ुअलाइज़ेशन बनाना, डाटा विश्लेषण में श्रेष्ठतम कार्यों के साथ अद्यतन रहना, दक्षता बढ़ाने के लिए क्षेत्रों की पहचान करना और डाटा को स्वचालित करके डाटा संग्रह प्रक्रियाओं को अनुकूलित करना।

**12. भर्ती प्रक्रिया**

I. उम्मीद्वार आयु मानदंड को पूरा करने वाले तथा अपेक्षित योग्यताएं और अनुभव रखने वाले तथा अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सभी संबंधित शैक्षिक दस्तावेज, फोटो/अनुभव प्रमाण-पत्र ऑनलाइन अपलोड किये जाने चाहिए, अन्यथा आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।

II. अभ्यर्थियों को YP-1/11 के लिए लागू पात्रता मानदंडों की सावधानीपूर्वक जांच करनी चाहिए तथा चयन प्रक्रिया के लिए उन्हें केवल एक का चयन करना होगा तथा केवल एक पद के लिए आवेदन करना होगा।

III. ईमेल से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

IV. अल्पसूचीबद्ध किए गए उम्मीद्वारों को ही साक्षात्कार बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी तथा उम्मीद्वार विज्ञापन से संबंधित अपडेट के लिए हमारी वेबसाइट देख सकते हैं।

V. साक्षात्कार के लिए उम्मीद्वारों की छंटनी शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव के आधार पर की जाएगी। हालाँकि, यदि आवश्यक हुआ, तो साक्षात्कार से पहले लिखित परीक्षा और असाइनमेंट भी आयोजित किया जा सकता है। किसी भी स्तर पर बराबर अंक आने की स्थिति में समान अंक पाने वाले सभी उम्मीद्वारों को आगामी चरण के लिए योग्य माना जाएगा।

VI. उम्मीद्वारों का चयन साक्षात्कार में किए गए प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

VII. यदि चयन हो जाता है, तो उम्मीद्वारों को कार्यभार ग्रहण करते समय अपनी आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, प्रशस्ति पत्र आदि के प्रमाण की स्व-सत्यापित प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी।

VIII. चयनित उम्मीद्वारों को सत्यापन के लिए उपर्युक्त सभी दस्तावेज मूल रूप में लाने होंगे।

**13. नियम और शर्तें:**

I. अपूर्ण आवेदन पत्र या निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत न किए गए आवेदन पत्र या बिना फोटो और बिना हस्ताक्षर वाले आवेदन पत्र या अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र सामान्यतः अस्वीकार कर दिया जाएगा।

II. गलत या झूठी जानकारी प्रस्तुत करने पर भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में उम्मीदवारी अयोग्य घोषित कर दी जाएगी।

III. परियोजना कर्मचारी को भविष्य निधि, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा, शहर प्रतिपूरक भत्ता आदि का लाभ उपलब्ध नहीं होगा।

IV. परिषद के महानिदेशक, बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते है और इस मामले में किसी भी पत्राचार/सिफारिश पर विचार नहीं किया जाएगा।

V. परिषद के महानिदेशक वेबसाइट पर विज्ञापित किसी भी पद को भरने या न भरने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

VI. चयनित होने पर उम्मीद्वारों को कार्यभार ग्रहण करते समय अपनी आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, प्रशंसापत्र आदि के प्रमाण की स्व-सत्यापित प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी।

VII. की गई छटनी या रोजगार के लिए किसी भी रूप में अपने पक्ष में प्रार्थना करना या बाहरी प्रभाव डालना अयोग्यता माना जाएगा और उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से वंचित कर दिया जाएगा।

VIII. केवल आवश्यक योग्यता/अनुभव पूरा करना ही चयन की गारंटी नहीं है।

IX. चूंकि ये पद पूर्णतः अस्थाई और संविदा आधार पर भरे जाने हैं, अतः उम्मीद्वारों को आईसीएमआर के अंतर्गत किसी भी प्रकार के नियमित/स्थाई रोजगार या किसी अन्य परियोजना में अपनी सेवाएं जारी रखने का दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा।

X. परिषद मुख्यालय के महानिदेशक प्रतीक्षा सूची के उम्मीदवारों का एक पैनल तैयार करने का अधिकार सुरक्षित रखते है, जो एक वर्ष के लिए वैध होगा।

XI. साक्षात्कार में भाग लेने या पदभार ग्रहण करने के लिए कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा तथा चयन होने की स्थिति में उम्मीद्वारों को पदभार ग्रहण करने के बाद साक्षात्कार की अवधि के दौरान ठहरने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

XII. किसी भी केन्द्रीय/राज्य सरकार/स्वायत्त/विभाग/पीएसयू के अंतर्गत पहले से नियमित सेवा में कार्यरत उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

XIII. उपरोक्त रिक्तियों के संबंध में कोई भी परिशिष्ट/शुद्धि-पत्र, नोटिस केवल वेबसाइट https://www.icmr.gov.in पर जारी किया जाएगा और प्रेस में कोई अलग से अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। आवेदकों से अनुरोध है कि वे स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट (https://www.icmr.gov.in) देखते रहें। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए कृपया https://recruitment.icmr.org.in/yp_hqrs_0525/ पर जाएं।

सहायक महानिदेशक (प्रशा.)